बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन,लि0
खाद्य भवन, दरोगा प्रसाद राय पथ, आर, ब्लॉक रोड नं0-2 पटना-1

पत्रांक-12:01:06:06:2018/4031 पटना/दिनांक- 21/5/18

प्रेषक,

महाप्रबंधक आधुनिकीकरण,
निगम मुख्यालय, पटना।

सेवा में,

सभी जिला प्रबंधक,
राज्य खाद्य निगम

विषय- **Supply Chain Management के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्ति एवं निर्गमन का ऑनलाईन इण्ट्री ससमय सुनिश्चित करने एवं गोदाम से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन भेजने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि निगम के वरीय पदाधिकारियो के द्वारा राज्य खाद्य निगम के गोदामों का औचक निरीक्षण के क्रम में पाया गया है कि सहायक प्रबंधक एवं डाटा इण्ट्री ऑपरेटर (4G) के द्वारा गोदामो में खाद्यान्न प्राप्ति एवं निर्गमन से संबंधित ऑकड़े का ऑन लाईन इण्ट्री तत्क्षण नहीं किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप वाहनो का Proper Tracking के साथ-साथ आगमन एवं निर्गमन का Real Time का भी पता नहीं चल पा रहा है। विदित हो कि राज्य में संचालित योजना के अन्तर्गत खाद्यान्नों का आगमन एवं निर्गमन हेतु वाहनों का ऑन लाईन इण्ट्री हेतु बार-बार आपको निदेशित किया जाता रहा है, परन्तु उक्त बिन्दु पर आपके स्तर से यथोचित कार्रवाई नहीं की जा रही है जो खेदजनक एवं चिन्ता का विषय है। साथ ही साथ जिलान्तर्गत गोदामो से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन का प्रारूप इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है। उक्त प्रतिवेदन को समेकित कर जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को नियमित रूप से नियत समय पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।

अनुरोध है कि अपने स्तर से जिले में संचालित गोदामों में खाद्यान्न की प्राप्ति एवं निर्गमन संबंधी ऑकड़े को तत्क्षण ऑन लाईन प्रविष्टी करने एवं गोदाम से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में भेजने हेतु सहायक प्रबंधक एवं डाटा इण्ट्री ऑपरेटर को निदेशित करना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त विन्दु पर अपने स्तर से भी अनुश्रवण करेंगे। अगर भविष्य में Real Time पर ऑन लाईन इण्ट्री नहीं होता है तथा गोदाम से संबंधित प्रतिवेदन समय पर नहीं भेजा जाता है तो इसके लिये सहायक प्रबंधक, अपर जिला प्रबंधक आई0टी0 मैनेजर, डाटा इण्ट्री ऑपरेटर के साथ-साथ आपको को भी दोषी मानते हुये नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई हेतु प्रबंधन को अनुशंसा कर दी जायेगी।

अनुलग्नकः- यथोक्त।

विश्वासभाजन,

21.4.18

महाप्रबंधक(आधुनिकीकरण)।

ज्ञापांक -4031 पटना/दिनांक 21/5/18

प्रतिलिपिः- परियोजना प्रबंधक, 4G आईडेण्टी सोल्युशन मुख्यालय को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि आई0टी0 मैनेजर के स्तर से भी उपरोक्त बिन्दु पर सतत् निगरानी हेतु निदेशित करेंगे।

महाप्रबंधक(आधुनिकीकरण)।

ज्ञापांक -4031 पटना/दिनांक 21/4/18

प्रतिलिपिः- सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

महाप्रबंधक(आधुनिकीकरण)।

N TPDS

Daily Closing Balance

As on Date:-

Sr. No.	District Name	Godown Name	Block Covered	AGM Name	AGM Contact No.	Capacity (in MT)	Closing Balance	
							Wheat	Rice

Signature of
DEO (4G)

Signature of
AGM

Daily Closing Balance Format								
Sr. No.	District Name	Godown Name	Block Covered	AGM Name	AGM Contact No.	Capacity (in MT)	Closing Balance	
							Wheat	Rice

Signature of
DEO (46)

Signature of
Asstt. Manager

~~II Man~~